कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-12.08.2024

विषय:- लूट कारित करने की घटना में वांछित 25 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त आदर्श गिरी थाना शिवपुर व एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर व एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सहायता से मु0अ0सं0 310/2024 धारा 309(6)/61/310/317/109 बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित 25 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त आदर्श गिरी पुत्र मनोज गिरी निवासी ग्राम रुकुन्दीपुर थाना दरौन्दा जिला सिवान (बिहार) को आज दिनांक-12.08.2024 को समय करीब 04.30 बजे चांदमारी अण्डरपास से गाजीपुर की तरफ जाने वाले रिंग रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से एक अदद मोबाइल फोन व लूट के रूपयों में से खर्च करने के बाद शेष 5120/- रू0 नकद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.08.2024 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित 03 अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

घटना का विवरण- दिनांक 23/07/2024 को श्री योगेश कुमार यादव पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण यादव निवासी ग्राम उपरौठ थाना औराई जनपद सन्त रविदास नगर (भदोही) द्वारा भारत फाईनेंशियल जो कि इण्डसइण्ड बैंक का कलेक्शन का पैसा 1,01,500/- रु0, एक सैमसंग टेबलेट एवं एक बायोमैट्रिक मशीन एक बैग में रखकर जा रहे थे कि कानूडीह के पास खड़े 3 लोगों द्वारा श्री योगेश कुमार यादव की गाड़ी रोककर उनके पैर में गोली मारकर तथा बैग छीनकर भाग गये थे, जिसके सम्बन्ध में थाना शिवपुर में मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत हुआ, जिसकी विवेचना उ0नि0 अजीत कुमार मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैने अपने दोस्तों के साथ कुछ दिन पहले कानूडीह मे एक आदमी जिसका नाम योगेश है जो कलैक्शन एजेन्ट है, को गोली मारकर लूट लिये थे जिसमे मैने अपने साथी ईश्वर प्रकाश, गुलशन बिहारी, शनि, शिवा, समीर, दिनेश के साथ मिलकर ये योजना बनाई थी जिसमें दिनेश ने योगेश यादव के रुपये कलेक्ट करने की जानकारी दी थी, उस दिन योगेश के समूह से रुपये कलेक्शन करने की जगह सीमा देवी के घर पर ईश्वर प्रकाश कानूडीह मे मौजूद था। उसने ही हम लोगों को योगेश के रुपये लेकर निकलने की सूचना दी थी और मै, शिवा सोनकर, गुलशन तीनों लोगो ने महात्मा गांधी विद्यालय के पास कलेक्शन एजेंट योगेश की

गाड़ी रोककर गुलशन ने उसे गोली मारी और हम लोगों ने रुपये छीन लिये थे अन्य तीन साथी दिनेश सोनकर, समीर व शनि सोनकर सुपर स्प्लेंडर मोटरसाईकिल से हम लोगों से कुछ दूरी पर योगेश को रोकने के लिये खड़े थे, बैग छीनने के बाद हम लोग दोनों मोटरसाईकिल से रिंग रोड होते हुये अलग-अलग दिशा में चले गये थे और इसके बाद कादीपुर में मेरे कमरे पर पहुंचकर रुपये बांट लिये थे। मेरे हिस्से मे 15000/- रू0 मिले थे जिसमें से सब खर्च हो गया बस इतना ही बचा है। साहब उस दिन से मैं छिपकर रहा था, मेरे तीन दोस्त जेल चले गये है। जिससे मैं डर की वजह से बनारस छोड़कर कहीं और जाने की फिराक में गाडी का इन्तजार कर रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

आदर्श गिरी पुत्र मनोज गिरी निवासी ग्राम रुकुन्दीपुर थाना दरौन्दा जिला सिवान (बिहार) उम्र करीब 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद मोबाइल फोन व लूट के रूपयों में से खर्च करने के बाद शेष 5120/- रू0 नकद।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान - दिनांक 12.08.2024 को समय करीब 04.30 बजे चांदमारी अण्डरपास से गाजीपुर की तरफ जाने वाले रिंग रोड से ।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0-310/2024 धारा 309(6)/61/310/317/109 बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवपुर।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

थाना शिवपुर पुलिस टीम-

उ0नि0 अजीत कुमार मिश्रा, उ0नि0प्रशि0 रवि कुमार, हे0का0 शर्मा लाल, हे0का0 अजय सिंह, का0 आलोक शर्मा।

एस0ओ0जी0 टीम कमि0 वाराणसी –

एस0ओ0जी0 प्रभारी मनीष कुमार मिश्रा, उ0नि0 गौरव कुमार सिंह , हे0का0 विजय शंकर राय, हे0का0 ब्रह्मदेव सिंह, हे0का0 चन्द्रभान यादव, हे0का0 प्रमोद सिंह, का0 रमाशंकर यादव, का0 पवन कुमार, का0 आलोक कुमार मौर्या, का0 मयंक त्रिपाठी, का0 मनीष बघेल, का0 अंकित मिश्रा, का0 प्रेमशंकर पटेल, का0 दिनेश कुमार, हे0का0 चालक उमेश सिंह ।

सर्विलांस टीम कमि0 वाराणसी –

हे0का0 संतोष पासवान, हे0का0 दिवाकर वत्स, का0 मनीष सिंह।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

पुरुष बन्दी गृह